पावर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड

केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग
राजभाषा अनुभाग

दिनांक-08-04-2022

विषय : वर्ष 2021-22 की चतुर्थ तिमाही बैठक का कार्यवृत्त

केन्द्रीय कार्यालय पोसोको में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2021-22 की चतुर्थ तिमाही बैठक दिनांक 29-03-2022 को संध्या 1700 बजे सम्मलेन कक्ष में सम्पन्न हुई , बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे :-

श्री अंशुल भार्गव, अध्यक्ष	श्री निशदीप सिंह, सदस्य
	श्री मनोज अग्रवाल, सदस्य
	श्री एस एस गुप्ता, सदस्य
	श्री अनुराग गंगवार, सदस्य
	श्रीमति प्रीति चतुर्वेदी, सदस्य
	मो० इसलाम खान, राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव

समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए सदस्य सचिव ने पिछली बैठक दिनांक 17-12-2021 का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया, जिसकी समीक्षा करके समिति द्वारा पारित किया गया, तत्पश्चात उक्त बैठक में निम्नलिखित मुद्दों के ऊपर विस्तार से चर्चा हुई:-

1. **पुस्तकालय हेतु पुस्तक:** वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु पुस्तकालय के लिए पुस्तक खरीदने हेतु पिछली बैठक में चर्चा की गयी थी, जिसके पश्चात एक समिति बनाकर पुस्तकों की खरीद की गयी। एकबार फिर से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए हिन्दी के लोकप्रिय कहानी, नाटक, उपन्यास जैसे विधा को खरीदने करने का सुझाव दिया।
2. **जांच बिन्दु:** वर्ष 2021-22 के हिन्दी कार्य में सफलता के पश्चात सभी सदस्यों ने 2022-23 में हिन्दी कार्य करने पर विशेष रूप से बल दिया, राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए उन्होने जांच बिन्दु तैयार करने हेतु सुझाव दिया।
3. **व्यक्तिगत आदेश:** हिन्दी प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने के लिए कार्यालय प्रमुख द्वारा राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8 (4) के अंतर्गत व्यक्तिश: आदेश जारी किए जाने पर चर्चा की गयी।

8.4.22

4 . **धारा(3)3 का अनुपालन:** धारा (3)3 के अनुपालन में कार्यालय के सभी विभागों से आदेश टेंडर नोटिस आदि द्विभाषी जारी किए/विज्ञापन/जाने पर चर्चा की गयी।

5. **टिप्पणी(नोटिंग)** : कार्यालय में सभी विभागाध्यक्ष अपने नोटशीट पर टिप्पण पूर्ण रूप से करें, इसपर समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया।

6. **हिन्दी में पते:** कार्यालय से सभी तरह के पत्र जो भेजे जा रहे हैं, उनपे "क " और "ख" क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों के लिफाफों पर पते हिन्दी में लिखे जाने हेतु सुझाव समिति ने दिया।

सचिव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी ।

8.4.22

मो॰ इसलाम खान
राजभाषा अधिकारी

कार्यपालक निदेशक (मा.सं)

08/4/22